(b) if so, how far they have been successful in expediting and finalising agreements in this respect;

(c) whether the team of officials investigated the possibilities of foreign collaboration in private sector as well; and

(d) whether Government had already decided on the broad approach for the team of officials in the discussions abroad?

The Minister of Petroleum and Chemicals (Shri Alagesan): (a) Yes.

(b) It is too early to assess the results of the visit of the team.

(c) Yes.

(d) Yes.

पाकिस्तानियों द्वारा पश्चिमी बंगाल की सीमा पर एक लड़की का अपहरण

1871. श्री बड़े :
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि जून, 1966 के द्वितीय सप्ताह में एक दर्जन से अधिक पाकिस्तानी पश्चिमी दीनाजपुर जिले के रामगंज पुलिस स्टेशन के क्षेत्र में घुस आए थे और एक लड़की को उठा ले गये थे ;

(ख) क्या यह भी सच है कि एक अन्य गांव में पाकिस्तानियों ने पांच हजार रुपये का सामान लूटा ;

(ग) क्या उस क्षेत्र में एक व्यक्ति पकड़ा गया है ; और

(घ) यदि हां, तो इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में उपमंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) यह सच नहीं है ।

(ख) ग्राम के नाम का उल्लेख नहीं किया गया । इसलिए यह साफ़ नहीं है कि किस घटना की ओर संकेत है । किन्तु 13-6-66 को लगभग 00.30 बजे 14/15 पाक राष्ट्रिकों ने दिघिरपाड़ा के दयाल चन्द्र घोष के मकान में डाका डाला, और नकदी, जेवर और दो पशु लूट कर ले गये ।

इन सब वस्तुओं का मूल्य लगभग 5,000 रुपये था ।

(ग) जी हां एक व्यक्ति गिरफ्तार किया गया है ।

(घ) गश्त और निगरानी को बढ़ाया गया है ।

मिजो विद्रोहियों द्वारा हमला

1872. श्री बड़े :
श्री हुकम चन्द कछवाय :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मिजो विद्रोहियों ने जून, 1966 के मध्य में मिजो पहाड़ी जिले के सियालसुक गांव में सुरक्षा सेना पर गोली चलाई थी ;

(ख) यदि हां, तो इसके कारण जन तथा धन की कितनी हानि हुई ; और

(ग) इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री तथा प्रतिरक्षा मंत्रालय में प्रतिरक्षा संभरण मंत्री (श्री हाथी) : (क) जी हां । 14-6-66 को मिजो विद्रोहियों और सुरक्षा सेना के बीच सियालसुक के निकट एक मुठभेड़ हुई थी ।

(ख) एक मिजो विद्रोही मारा गया और पांच घायल हुए । 50 राउन्ड कार्तूसों के साथ एक राइफल सुरक्षा सेना द्वारा प्राप्त